卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 251 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦18 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462

## पेड़ से भिड़ा डंपर,चालक की मौत

### देर रात प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में पेट्रोल पंप के दर्दनाक हादसा

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में देर रात अपने ही डंपर की चपेट में आकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। अचानक घटी घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक गुलजारपुर टैंकी सुंदर कॉलोनी काशीपुर निवासी 27 वर्षीय किशनपाल पुत्र प्रेम सिंह पिछले लगभग 7 वर्ष के करीब से केलामोड़ के समीप स्थित श्री बाबा बालक नाथ फ्यूल्स नामक पेट्रोल पंप स्वामी का खनन में डंपर पर चलाया करता था। बताते हैं कि शनिवार की रात लगभग 9:30 बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद डंपर चालक किशनपाल गाड़ी लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा। यहां उसने पेट्रोल पंप के समीप स्टार्ट डंपर खड़ा कर मालिक के पास (शेष पृष्ठ सात पर)





## 23 दिन बाद पुलिस के पहरे में खुली दुकानें

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। पुरोला में उपजे विवाद के 23 दिन बाद समुदाय विशेष की दुकानें खुल गई हैं। पुलिस के पहरे के बीच व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोली। वहीं पुरोला में अब हालात सामान्य हैं। हालांकि अभी भी पुलिस और प्रशासन सभी स्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं। 26 मई को पुरोला में एक नाबालिग को समुदाय विशेष व उसके साथी द्वारा नाबालिग को भगाने के विरोध में विभिन्न संगठनों और व्यापार मंडल ने जिला मुख्यालय सहित बड़कोट और नौगांव में बाजार बंद करने के साथ ही प्रदर्शन किया था। यह पूरा मामला 21 दिन तक चलता रहा। इस पूरे (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत

किच्छा। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार इन्द्रा नगर सिरोली निवासी 30 वर्षीय दानिश पुत्र मोहम्मद उमर पेशे से ड्राईवर था। वह वाहन लेकर किच्छा मण्डी आया था। यहां पर उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटायी और शव की शिनाख्त के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥ ੴ

### भोग एवं अन्तिम अरदास



*बड़े ही दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्म पत्नी **गुरदीप कौर चावला** का आकस्मिक निधन दिनांक 14.6.2023 को हो गया था। **जिनकी अंतिम अरदास एवं भोग 20.6.2023 दिन मंगलवार** को समय प्रात: 11 से 1 बजे तक **गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोल मार्केट, रुद्रपुर** में होगा।*

**दु:खी परिवार:**
सरदार प्रेम सिंह चावला (पति )
हरमीत चावला–मधुर चावला (पुत्र–पुत्रवधु )
रविन्द्र चावला–अमन चावला (पुत्र–पुत्रवधु )
रमनीत कौर–परविंदर सिंह (पुत्री–दामाद )
सिमरनजीत कौर–तरूनदीप ग्रोवर(पुत्री–दामाद)
एवं समस्त चावला परिवार

**फर्म:**
**चावला गारमेंट्स**
**मैडेम शोरूम**
भगत सिंह चौक
मटके वाली गली, रूद्रपुर
मोबा. 9719753685
9639618070

## प्रभारी सचिव ने रात्रि चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, परियोजना निदेशक, बाह्य सहायतित परियोजनायें (यूईएपी यूडीआरपी) तथा परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड शासन एवं प्रभारी सचिव जनपद ऊधम सिंह नगर डॉ.रंजीत कुमार सिन्हा ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्सी में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण सजग रहकर राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा खुद लाभान्वित होकर ओरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वार पर उनके साथ खड़ी है। डॉ. सिंहा ने कहा कि कोई भी समस्या छोटी या बड़ी नहीं होती बल्कि समस्या ही होती है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान एवं निदान होना चाहिए। अच्छा अफसर या कर्मचारी वही है जो जनता के दुख–दर्द को महसूस करे और जनता को यकीन दिलाए कि सरकार–प्रशासन जनता की सेवा के लिए तत्पर है। रात्रि चौपाल में 129 समस्याएं एवं मांग दर्ज कराई गई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चौपाल में 77अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डॉ.सिंहा ने चौपाल में गांववासियों से आजीविका के संसाधनों, शिक्षा, चिकित्सा एवं आधारभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण (शेष पृष्ठ सात पर)



## अज्ञात वाहन की टक्कर से टेम्पो पलटा,महिला की मौत,पति गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड में लालकुआं से टेम्पो में सवार होकर आ रहे दम्पत्ति को मार्ग में तीन पानी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टेम्पो पलट गया और जिससे चालक सहित उसमे सवार लोगों को चोटें आ गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहा महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल टेम्पो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि बद्रीपुरा काठगोदाम निवासी शेर अली अपनी पत्नी शबाना के साथ टेम्पो में सवार होकर (शेष पृष्ठ सात पर)



### रस्म पगड़ी

**कबीरा जब हम आए जगत में, जग हंसे हम रोए।**
**ऐसी करनी कर चले, हम हंसे जग रोए।।**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र **रोहित पसरीचा** दिनांक 8 जून 2023 को इस नश्वर संसार को छोड़कर श्री प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 20 जून 2023 दिन मंगलवार** दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर ) रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

स्व.प्रेम सागर पसरीचा–आशा (चाचा–चाची) | श्रीमती तारावन्ती पसरीचा (दादी)
सुरेश पसरीचा–कुसुम(चाचा–चाची) | विमला–हरीश पसरीचा (माता–पिता)
स्वीटी–राजेश अनेजा (सास–ससुर) | नीति पसरीचा (पत्नी)
सिमरन–सजल अनेजा (साला–सलहज) | रिहिता, निहिता (पुत्री)
हर्षित पसरीचा, निखिल पसरीचा (भाई) | पूजा–नितिन मल्होत्रा (बहन–जीजा)

**समस्त पसरीचा, अनेजा, अरोरा, मल्होत्रा परिवार**

Qe&i l jhpk DykFk gkm l ]lCthe.Mh] #æi|j
ek-9639607660]9811455456]8958927000

# संस्कृत भाषा भारतीयता का डीएनए : राज्यपाल

## उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

देहरादून/हरिद्वार (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को हरिद्वार में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व विद्यालय के मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक और शोधार्थियों को शोध उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण को आयुर्वेद एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए तथा शिक्षाविद् पद्मश्री डॉ. पूनम सुरी को समाज सेवा एवं वैदिक शिक्षा के प्रचार–प्रसार के लिए डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की नई शोध पत्रिका 'देवभूमि जर्नल ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च' का भी विमोचन किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं से कहा कि आप सभी संस्कृत के प्रचार एवं प्रसार में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि संस्कृत को पूरे विश्व तक ले जाना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवा आने वाले 25 वर्ष विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध भारत, श्रेष्ठ भारत और विश्वगुरू भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूर्ण उत्साह, समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करें।राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी परम्पराओं का संरक्षण करते हुए भारत को समृद्ध और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के महान अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में उपलब्ध ज्ञान में सभी चुनौतियों का समाधान निहित है। देश की एकता में संस्कृत का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी समृद्ध संस्कृति का आधार और भारत की आत्मा की वाणी है। संस्कृत भाषा भारतीयता का डीएनए है, प्राचीन के संरक्षण के साथ नवीन ज्ञान का प्रयोग भी आवश्यक है। राज्यपाल ने संस्कृत विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए संस्कृत के विकास एवं प्रचार–प्रसार के लिए सराहना की। उन्होंने संस्कृत के क्षेत्र में लड़कियों को ज्यादा अवसर व प्रोत्साहन देने पर जोर दिया ताकि संसकृत का ज्ञान प्रत्येक घरों तक पहुंचे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में 04 शोध पीठों की स्थापना होने पर खुशी जताते हुए इसे विश्वविद्यालय के हित में सराहनीय कदम बताया। अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र शास्त्री ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों को विस्तार से सामने रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय को शासन स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रकृति को देखते हुए यहां पर प्राचीन ज्ञान से संबंधित न्याय, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा, वेदांत, धर्मशास्त्र और पुराणों आदि से संबंधित उच्च स्तरीय अनुसंधान होना जरूरी है। इसके लिए अपेक्षित संख्या में पद उपलब्ध न होने के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं। दीक्षांत समारोह के आधार संबोधन में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास बरखेड़ी ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालयों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के उल्लेखनीय केंद्रों के रूप में विकसित होना चाहिए। साथ ही संस्कृत को आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करके लोगों तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड को ज्ञान की भूमि बताया और कहा कि यहां के छात्रों और शिक्षकों को अपनी मूल परंपरा का संरक्षण करते हुए अंतरविषयी ज्ञान को बढ़ावा देना चाहिए।दीक्षांत समारोह के समापन से पूर्व, कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर दिनेश चमोला ने स्नातकों को उपाधि हेतु उपस्थित किया। संचालन का दायित्व डॉ शैलेश तिवारी ने निभाया। इस अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु, आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुनील जोशी, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओम प्रकाश नेगी सहित अनेक विशिष्ट लोग उपस्थित थे।








## हाईकोर्ट ने दिये वाई प्लस सुरक्षा वाले लोगों का रिकार्ड पेश करने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट में खानपुर हरिद्वार से निर्दलीय विधायक उमेश शर्मा को वाई प्लस सुरक्षा दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार से पूछा है कि ऐसे कितने लोगों को सुरक्षा प्रदान की गई है, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोर्ट ने सरकार को ऐसे लोगों का पूरा रिकॉर्ड जुलाई दूसरे सप्ताह तक पेश करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में भी कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा था कि पुलिस का कार्य जनता की सुरक्षा करना है। जिन लोगों को जानमाल का खतरा है जांच करने के बाद ही उन्हें सुरक्षा दी जाए।मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी भगत सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि विधायकों की सुरक्षा के नाम पर उन्हें एक सुरक्षाकर्मी दिया जाता है। इसके अलावा यदि किसी विधायक को जान का खतरा है तो उन्हें एक अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी दिया जाता है। किसी विधायक को सुरक्षा कवर देने से पहले एलआईयू द्वारा रिपोर्ट विभाग को दी जाती है। उन्होंने विधायक के मामले का उदारहण देते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा देते वक्त अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का पालन किए बिना उनके प्रार्थनापत्र के आधार पर उन्हें वाई प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है। यही नहीं उनके पास अपनी पर्सनल एस्कॉर्ट भी है। याचिकाकर्ता का कहना था कि स्थानीय खुफिया इकाई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उनके जीवन को कोई खतरा नहीं है। इसलिए उनकी वाई प्लस सुरक्षा हटाई जाए। ऐसे ही कितने लोगों की सुरक्षा में पुलिस लगी है जबकि उनको किसी से कोई खतरा नहीं है। यह पुलिस का दुरुपयोग है। पुलिस का कार्य जनता की सुरक्षा करना है।

## सीएम धामी से मिलने दिल्ली से पहुंचा मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल

देहरादून। लव जिहाद व लैंड जिहाद मामले में दिल्ली से पहुंचे मुस्लिम प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तरकाशी में उपजे विवाद को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर संतोष जताया। शनिवार को इंडियन मुस्लिम्स फॉर प्रोग्रेस एंड रिफॉर्म्स के अध्यक्ष डॉ एम खान के नेतृत्व में सीएम धामी से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार की अब तक कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि संवादहीनता के कारण हालात बिगड़े। कहा, संवाद बढ़ाने के लिए सभी धर्मों के धर्म गुरुओं का सम्मेलन होगा। मीडिया से वार्ता करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हम उत्तराखंड आए हैं, और हमें ऐसा कुछ महसूस नहीं हुआ है कि यहां माहौल खराब है। सरकार और



कानून अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही हमारा धर्म अलग–अलग हो, लेकिन सभ्यता और संस्कृति एक है। इसलिए सभी को इस बात का ध्यान रखते हुए मिलजुलकर रहना चाहिए। धर्मपरिवर्तन के मामले सामने आने को लेकर उन्होंने कहा कि अगर कोई इस तरह का काम कर रहा है, और उस पर आरोप सिद्द होते हैं, तो कानून अपना काम करेगी। कहा कि इस तरह की खबरों से देश में गलत संदेश जाता है।

## कमलवागांजा काण्ड की हो निष्पक्ष जांच : मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कमलवागाँजा क्षेत्र में 14 जून को हुई घटना पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए घटना की निंदा कर कहा उक्त कांड की निष्पक्ष जाँच कराकर जो भी उसमें दोषी हो उसके खघ्लिाफ सखघ्त से सखघ्त कार्यवाही हो। कुछ शरारती तत्व एक विशेष समुदाय को जो डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। उनके खघ्लिाफ भी कार्यवाही होनी चाहिये। श्री सिद्दीकघे ने कहा पूरा कुमाऊं मण्डल आपसी भाईचारे का गुलदस्ता रहा है। उन्होंने स्थानीय



प्रशासन से उक्त क्षेत्र में कार्य कर रहे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी माँग की। इसी संदर्भ में सपा उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे के नेतृत्व में एसएसपी को संबोधित ज्ञापन एसपी सिटी को दिया गया। इस दौरान जावेद सिद्दीकघे, अरशद अय्यूब, पार्षद रईस अहमद, इस्लाम मिकरानी, रेहान अहमद, नासिर हुसैन, अब्दुल हसीब, जैद शफीकघ, जावेद मिकरानी . मजहर अहमद, उमैर मतीन, मारुफ अंसारी, शाकिर हुसैन, अनवर कुरैशी, जमील मिकरानी, अलीम अंसारी, सलीम सैफी, वकील अहमद आदि उपस्थित थे।

# जिला जज और डीएम की अगुवाई में चला वृहद सफाई अभियान

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के अन्तिम दिन जिला जज प्रेस सिंह खिमाल तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत जनपद मुख्यालय में जिला एवं सत्र न्यायालय में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में स्वच्छता सप्ताह के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पर्यावरण मित्रों–अमित, टीकू, संदीप, सतीश, विशाल, धीर सिंह,सुधीर, संजीव, राकेश, सूरज को तथा जिला न्यायालय में कार्यरत पर्यावरण मित्रो–बिरजू, अनीता, गंगा सहाय, सोनिया, नीता को व नगर निगम में कार्यरत पर्यावरण मित्र सूरज कुमार,अमन कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार, सूरज कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त पिंकी सिंह, द्वितीय स्थान पर गरिमा मौर्य, तृतीय स्थान पर रचित शर्मा तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त अंजली, द्वितीय स्थान पर जूबी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली लक्ष्मी कोरी को प्रतीक चिन्ह, प्रामणपत्र व निधारित धनराशि देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ ही गांधी जी की मूर्ति पर फूल–मालाएं चढ़ाकर हुई। इस दौरान सभी उपस्थित व्यक्तियों तथा विद्यार्थियो को जिला जज प्रेम सिंह खिमाल तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने स्वच्छता एवं पर्यावरण की रक्षा की शपथ भी दिलाई। चार टीमों में बांटकर शहर के विभिन्न स्थानें पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाल से होते हुए, राजकीय चिकित्सालय डीडी चौक होते हुए रोडवेज स्टेशन, रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान चलाया गया तथा जिला कार्यालय, विकास भवन के साथ ही जिला एवं सत्र न्यायालय से लेकर सिडकुल तक भी वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने कहा कि जिला प्रशासन, न्यायपालिका, बार एसोशिएन तथा विद्यार्थी पूरी तन्मयता से स्वच्छता कार्यक्रम में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्तियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा ताकि हमारे, गांव, शहर जिला एंव प्रदेश व देश स्वच्छ व सुन्दर रहे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य अनवरत चलता रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि सड़कों पर उतर कर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गॉव, शहरों से अन्तिम कूड़े को भी हटाने का प्रयास है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि कूड़ा कम से कम उत्पादित करें और जो भी कूड़ा हो, गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग किया जाय ताकि कूड़े का निस्तारण सरलता व आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और आने वाले दिनों में उन्हें ही देश को चलाना है और अगर आज के दिन से ही युवाओं को कूड़ा प्रबन्धन की सही से जानकारी हो गई तो मानकर चलिए कि देश में कहीं भी कूड़ा नहीं दिखेगा। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने में प्लास्टिक कूड़े का बहुत योगदान होता है। अभियान चलाया जा रहा है और सभी तन–मन–धन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को स्वच्छता अभियान से जुड़ना चाहिए क्योंकि जब तक ग्राउण्ड लेवर पर व्यक्ति कूड़ा नहीं उठाता तब तक उसकी गंभीरता पता नहीं चलती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जिम्मेदार बने, देश का आगे का भविष्य उनको सवारंना है। स्वच्छता अभियान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एडीजे पाक्सों शिवाकान्त द्विवेदी, द्वितीय अपर जिला जज शादाब बानो, अपर जिला जज पाक्सों अश्वनी गौड, एडीजे मीना देउपा, सीजेएम मौ.यूसुफ, सिविज जज जूनियर डिवीजन रिजवान अंसारी, द्वितीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रियांशु नगरकोटी, बार अध्यक्षक एमपी तिवारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन पाठक, बार सचिव सुशीला मेहता बिष्ट, हैड नाजिर आशीष श्रीवास्तव, पूर्व बार अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, सहित शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सन्धु, संजय ठुकरा आदि शामिल थे।





# स्वच्छता की शपथ के साथ चलाया सफाई अभियान

नानकमत्ता( उद संवाददाता)।नगर पंचायत नानकमत्ता में स्वच्छता सप्ताह के अंतिम दिवस पर शासन के आदेशानुसार सभासदों ,भूतपूर्व सैनिक संगठन ,एनएसएस,एनसीसी,स्वयं सहायता समूह,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ स्वच्छता की शपथ ली गई। तदोपरान्त 8 बजे से स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया गया। सफाई अभियान प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक चलाया गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, अधिशासी अधिकारी श्रीमती विमला जोशी, सभासद धर्म सिंह बिष्ट, प्रदीप विश्वास एवं ब्राण्ड एम्बेस्डर हरवंश सिंह, जगदीश जोशी, हरीश जोशी, उमेश राणा, सूरज, कृष्णा भट्ट, नगेन्द्र प्रसाद, महेश राणा, पूजा भट्ट, रजनी राणा, दान सिंह, राजेश सिंह, विपिन सिंह, सूरज, ओमकार, धीरज, सागर, प्रदीप राणा, मुकेश राणा तथा अन्य समस्त कर्मचारी व पर्यावरण मित्र मौजूद रहे





आवश्यकता है

रूद्रपुर स्थित इमिग्रेशन आफिस के लिये फीमेल रिशेप्सनिस्ट, आईलेट्स ट्रेनर काउंसलर की।

सम्पर्क करें: 9760000055,7617600099


# बीमार व्यक्ति के परिवार को राशन व सहयोग राशि दी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में संस्था द्वारा राजपुरा निवासी कमल जोशी के गंभीर बीमारी से ग्रसित होने से आर्थिक तंगी के चलते उसके परिजनों को तीन महीने का राशन और सहयोग राशि देकर सहयोग किया गया।योगेन्द्र साहू ने कहा कि कमल जोशी के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण आर्थिक तंगी के चलते जीवन यापन करने



में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए संस्था ने उनके परिजनों को तीन महीने का राशन और सहयोग राशि देकर उनके जीवन यापन करने में सहयोग किया है। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था हमेशा समाजहित में कार्य करती रहती है और आगे भी करती रहेगी। इस दौरान संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय, लोकेश कुमार साहू, बलराम हालदार, पीयूष शर्मा, पूजा लटवाल, प्रीति आर्या, हेमन्त कुमार साहू, रितिक साहू, संदीप यादव, अमन कुमार, सुशील राय, सूरज मिस्त्री, रोहतास प्रजापति दीपक कुमार, अशोक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महेन्द्र नागर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत

हल्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय मे आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय (पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार) द्वारा महेन्द्र नागर को राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया। श्री नागर वर्तमान में हिंदू युवा वाहिनी



के राष्ट्रीय सचिव हैं एवं पंचायत परिषद के उत्तराखंड उपाध्यक्ष भी हैं। वह पूर्व में नगर निगम हल्दवानी-काठगोदाम के लगातार 10 वर्षो तक पार्षद एवं उत्तराखंड नैनीताल की प्रथम डीपीसी के सदस्य रहे हैं तथा लगातार 2 बार विजय प्राप्त कर चुके हैं। सुबोध कांत सहाय ने कहा नागर की कार्यप्रणाली और योग्यता को देखते हुए नागर को महामंत्री मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा नागर के राष्ट्रीय कार्यकारिणी मे आने से संगठन को बल मिलेगा। महेन्द्र नागर के मनोनयन पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, परिषद के संरक्षक पूर्व सांसद आरके सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक चौहान, महामंत्री मुख्यालय अशोक शर्मा, ध्यानपाल सिंह जादोन, कल्पना बेन, बद्रीनाथ सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कैलाश गहतोड़ि, हेमंत पाण्डे, हेमंत द्रिवेदी, रेनु अधिकारी, अजय राजोर, प्रताप बिष्ट, शिव सेना नेता रूपेन्द्र नागर, दीपक रुबाली, एडवोकेट हिमांशु सिन्हा, संजय ठुकराल,पूर्व पार्षद हरीमोहन अरोरा, पार्षद मनोज गुप्ता, मधुकर श्रोत्रिय, संदीप कुकसाल, देव तिवारी, सक्षम सक्सेना, अमित पाण्डे, महेंद्र शर्मा, नवल कम्बोज, राकेश कौशिक, जितेश कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# दूसरे समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने पर भड़के लोग

किच्छा( उद संवाददाता)। स्थानीय पंत कालोनी में समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा मकान खरीदने को लेकर कालोनी वासियों ने विरोध करते हुए किच्छा तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन देकर जांच कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि खरीददार विशेष समुदाय के व्यक्ति के बारे में आपत्ति जनक जानकारी मिली है। जिससे कालोनी में माहोल खराब होने का अंदेशा है।कालोनी वासियों ने बताया कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी से भी मिलने गए थे किंतु उनसे वार्ता नही हो पाई। इस प्रकरण को केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के सम्मुख भी रखा जाएगा। ज्ञापन देने वालों मनोज कुमार गंगवार,तेजपाल, जितेंद्र,राहुल गंगवार,,श्याम शर्मा,अनुज,प्रवीण अरोड़ा, वेद प्रकाश, विरमा देवी,किशन सिंह, हरवंश लाल , राजेश कुमार,सुरेश,सहित दर्जनों कालोनी वासी मोजूद थे।

# ऑर्गेनिक तकनीक से लोगों को मौन पालन की दी जानकारी

कपकोट (उद संवाददाता)।नेशनल बी बोर्ड द्वारा आयोजित सन लाइट इंडिया एग्रो प्रजोडेसर लिमिटेड द्वारा सात दिवसीय वैज्ञानिक और ऑर्गेनिक तकनीक द्वारा प्रशिक्षण कराया जा रहा है, गडेरा गांव में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी लोगों को मौन पालन से जुड़ने,आजीविका संवर्धन हेतु लोगों की आय में वृद्धि, सहित पलायन रोकने के लिए ऑर्गेनिक तरीके से मौन पालन सहित अन्य प्रकार के आजीविका उत्पादों से किसानों की आय बढ़ाने की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण की 15 जून से 21 जून तकचलाया जा रहा है। सात दिवसीय प्रशिक्षण में




मुख्य प्रशिक्षक राजवालिया और दुर्गा सिंह धामी ने लोगो को रोजगार की पहल से जुड़ने,की अपील की। प्रशिक्षण को लेकर काफी उत्साह है ,इस तरह से लोगों में जहां एक ओर पलायन रोकने का काम हो रहा है तो वहीं रोजगार के श्रोत भी बढ़ रहे हैं ,21 जून को प्रशिक्षण का समापन समारोह होगा। जिसमें सभी प्रशिक्षकों प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा, इस मौके पर नारायण सिंह गढ़िया रीमा देवी मोहिनी देवी बसंती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पर्वतीय जनपदों के विभिन्न गांवों में निर्मित 55 पुलों का वर्चुअल लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में हेस्को और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के माध्यम से राज्य के पर्वतीय जनपदों के विभिन्न गांवों में निर्मित 55 पुलों का वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन पुलों से हमारे सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को काफी फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से भी संवेदनशील है। मानसून



अवधि में पहाड़ में जनजीवन बहुत प्रभावित होता है। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों के जनजीवन को सामान्य करने की दिशा में हेस्को ने आईसीआईसी फाउंडेशन के साथ मिलकर सराहनीय पहल की है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि हेस्को एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन इसी तरह आगे भी पर्वतीय क्षेत्रों में सेतुओं के निर्माण में और सहयोग देते रहेंगे। इन पुलों के निर्माण से स्थानीय लोगों को काफी मदद मिलेगी। इन पुलों से कई गांवों को तय की जाने वाली दूरी भी कम होगी। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, हेस्को के संस्थापक एवं पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अनुज अग्रवाल, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, फिल्म एवं कला जगत से जुड़ी श्रीमती हिमानी शिवपुरी आदि उपस्थित रहे।

# कम्यूनिस्ट पार्टियों का प्रदर्शन 20 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । राज्य की तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) की संयुक्त बैठक देहरादून में हुई। जिसमे कहा गया 18 जून को वामपंथी पार्टियों का वेबिनार और 20 जून को सभी जिला मुख्यालयों व राज्य के प्रमुख केंद्रों पर वामपंथी पार्टियां संयुक्त प्रदर्शन करेंगी। इसके पश्चात भी संयुक्त अभियान और जन कार्यवाहियां जारी रहेंगी। जिला सचिव कैलाश पाण्डे ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जगदीश कुलियाल, राजेंद्र नेगी, इन्द्रेश मैखुरी, समर भंडारी, अशोक शर्मा, रविंद्र जग्गी, शिव प्रसाद देवली, इंदु नौडियाल, राजेंद्र पुरोहित, अनंत आकाश, केके बोरा, डा कैलाश पांडेय शामिल रहे।

# असम राइफल्स के महानिदेशक नायर ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में असम राइफल्स के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल से असम राइफल्स




से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा की वे स्वयं असम रेजीमेंट व असम राइफल्स से बेहद करीब से जुड़े रहे और उन्होंने अपनी सेवा काल के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्रों में सेवाएं दी है। महानिदेशक ने बताया कि उत्तराखण्ड से असम राइफल में लगभग 6 हजार जवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वहीं लगभग 14 हजार पूर्व सैनिक हैं। असम राइफल्स में 10 प्रतिशत जवानों की संख्या उत्तराखंड से है जो की यहां के लिए गर्व की बात है। उन्होंने असम राइफल में उत्तराखण्ड के जवानों के योगदान की सराहना की।

# 50 रूपए की रिश्वत लेते होमगार्ड का वीडियो वायरल होने पर किया सस्पेंड

चंपावत। चंपावत में एक होमगार्ड जवान को 50 रूपए की रिश्वत लेना भारी पड़ गया। जवान का 50 रूपए रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया है। एक होमगार्ड जवान का 50 रूपए की रिश्वत लेने का एक विडियो वायरल हो रहा है। वीडियो चंपावत का बताया जा रहा है। जिसमें एक होमगार्ड जवान का 50 रूपए की रिश्वत लेते नजर आ रहा है। विडियो के वायरल होने के बाद जवान को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस की भूमिका के लिए एसपी ने जांच के लिए चंपावत के सीओ को जांच अधिकारी बनाया है।वायरल हुए वीडियो में नजर आ रहा है कि चल्थी से चंपावत की ओर आ रहे एक टिप्पर को बनलेख की वन चौकी में तैनात एक होमगार्ड रोकते हुए 50 रुपये वसूलता नजर आ रहा है। इस वीडियो में टिप्पर वाला ये कहते हुए सुनाई दे रहा है कि वो पहले ही यातायात पुलिस, 112 नंबर सहित एक और जगह रुपये दे चुका है।मिली जानकारी के मुताबिक होमगार्ड के डिप्टी कमांडेंट जनरल को मामले की जानकारी दी गई है। जिसके बाद विभाग ने होमगार्ड जवान शंकर राम टम्टा को सस्पेंड कर दिया है।इसके साथ ही अब एसपी ने वसूली में पुलिस की भूमिका की जांच के आदेश दे दिए हैं। जिसकी जिम्मेदारी पावत के सीओ बीसी पंत को दिया गया है।

# कलेक्ट्रेट में सोलर पॉवर प्लान्ट का डीएम ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शुक्रवार को 34.5 लाख रूपये की लागत से कलेक्ट्रेट भवन की छत पर स्थापित 80 किलो वाट के सोलर पॉवर प्लान्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सोलर प्लांट स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य है कि अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सके तथा हाइड्रो एनर्जी पर निर्भरता कम से कम हो सके। उन्होंने कहा कि सोलर प्लांट से जिला कार्यालय को 300 से 350 यूनिट बिजली प्रतिदिन प्राप्त होगी। जिससे माह में औषतन 9000 यूनिट बिजली कार्यालय को उपलब्ध होती रहेगी। जिस कारण जिला कार्यालय का विद्युत व्यय बहुत कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी, हवा एवं वातावरण बना रहे और हाईड्रो एनर्जी पर निर्भरता कम से कम हो, इसी सोच के साथ सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे अन्य सरकारी भवनों में भी सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किये जायेंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पाईल्स फिशर के निः शुल्क आपरेशन 20 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चेरीटेबल ट्रस्ट हॉस्पीटल में आगामी 20 जून दिन मंगलवार को डा. आरिफ रसूल द्वारा पाईल्स फिशर के आपरेशन निःशुल्क किये जायेंगे। चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार हर बृहस्पतिवार को सभी डाक्टर की ओपीडी निःशुल्क रहेंगी। वहीं जून माह के अंतिम सप्ताह से नागपुर के वरिष्ठ सर्जन ईएनटी के डाक्टर अपनी सेवायें देंगे। चिकित्सालय में रोटरी क्लब के सौजन्य से वैरिकोज वैन्स की सर्जरी के लिए लेसट्रॉनिक्स मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारम्भ आगामी 23 जून दिन शुक्रवार को किया जायेगा। यह मशीन रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर पवन अग्रवाल, चीफ डिस्ट्रिक सचिव राज महरोत्रा, असिस्टेंट गवर्नर संजय गुप्ता, क्लब अध्यक्ष जगदीश बिष्ट, मनोज अग्निहोत्री, क्लब सचिव सुनील सोनी, संरक्षक ओमप्रकाश सिंघल व अर्जुन गुप्ता के प्रयासों से स्थापित की जा रहीं हैं।


वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# हे बालरूप हनुमंता तू सबकी पुकारें सुनता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार काशीपुर रोड, दानपुर में चंद्रिकाप्रसाद यादव की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरीलगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही मेंभागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा केजयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों साथ , बिट्टूअरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने मेंहदीपुर के बालाजी, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, कालू मदान नेफरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, गुरमेल सिंह ने हे बालरूप हनुमंता तू सबकी पुकारे सुनता, आयुष अरोरा ने देना है दे दे, महेंद्र बंसल ने आज सजाया दरबार, अंकित जोशी ने सीताराम सीताराम, सूरज शाह ने सामने आओगे या आज भी पर्दा होगा, सुनील कुमार नेये प्रार्थना मेरी, संजीव कुमार ने आज तो कैलाश माही आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा कापच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, बिट्टूअरोरा, हरीश कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल मदान, शंकर विश्वास, सौरभ अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीरचौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, कुलदीप गुप्ता, वीरेंद्र सिंह कठेरिया, अनिल कोली, अंश अरोरा, आयुष अरोरा, महेंद्र बंसल, गोविंद कुमार, विजय वर्मा, मनदीप वर्मा, मयंक बंसल, प्रीतम सिंह, विनय श्रीवास्तव, बलकारसिंह, अशोक कुमार, गोपाल कुमार, सोनू पाल, विक्रम राठौर, नरेश दत्ता, सुरेश मित्तल, विपुल कुमार, योगेश कुमार, मनु चौधरी, अनमोल ग्रोवर, सौरभ चुघ, संजय बाजवा, रवि शर्मा, करन खन्ना, संजीव कुमार, दीपु सैनी, राजपाल सिंह, डी के करगेती, सन्नी बजाज, विशाल अरोरा, श्याम छाबड़ा, वैभव गगनेजा, गुरमेल सिंह, अंकित जोशी, सूरज शाह, राजेश कुमार, राजू गोयल, हरीश कालरा, बँटीप्रजापति, राजा घई, मनोज शर्मा, दीपक कुमार, कुलदीप मिश्रा, विकास मिश्रा, मोहन जोशी, के एल मिश्रा, राजनाथ सिंह, कुलदीपवर्मा, भारत शर्मा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।





# रूद्रपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे का लालकुआं क्षेत्र में किया स्थलीय निरीक्षण

लालकुआं/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भटट ने शनिवार को रूद्रपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे 87 मार्ग के लालकुआं क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण किया। केन्द्रीय मंत्री श्री भटट ने बताया कि रूद्रपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे 87 मार्ग का निर्माण पूर्व में सदभावना इंजीनियरिंग लिमिटेड कम्पनी को दिया गया था कम्पनी द्वारा ससमय कार्य पूर्ण नही करने पर अब गाबर कंस्ट्रक्शन कम्पनी को कार्य सौंपा गया है। उन्होंने कहा रूद्रपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे 87 मार्ग का कार्य प्रारम्भ हो गया है जो दिसम्बर 2023 तक पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने एनएच के अधिकारियों के साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कार्य समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा सडक बनाने के जो पैरामीटर बनाये गये है उसके अनुरूप ही सडक का निर्माण हो कोताही होने पर एनएच के अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा सडक निर्माण पूर्ण होने पर दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी वही आमजनता के साथ ही देश व विदेश से उत्तराखण्ड में आने वाले पर्यटनों को भी हाईवे मार्ग बनने से आवागमन में सुगमता मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण खाती, नारायण सिंह बिष्ट,दीपक जोशी, मुकेश बेलवाल, हेमन्त नरूला,धनसिंह बिष्ट, सुरेन्द्र लोटनी, संजय शर्मा, राजकुमार, ईओ राहुल सिंह, कार्यदायी संस्था के इंजीनियर जोगेन्दर सिंह, तुषार गुप्ता के साथ ही एनएच के अधिकारी उपस्थित थे।



# कमिश्नर ने ईको टाउन एरिया का किया निरीक्षण

## सुविधाएं न होने पर बिफरे ,प्लाटों की बिक्री पर लगाई रोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त दीपक रावत को जन मिलन कार्यक्रम के दौरान ईको टाऊन एरिया में (पाल कोलोनाइजर) द्वारा मानकों के विरूद्ध भूखण्डों की प्लाटिंग की मिली शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये आयुक्त ने ईको टाऊन फेस–1, 2 एवं फेस –3 का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने देखा तीन कालोनियों में उचित सुविधा नही दी गई है। कालोनियों में ग्रीन स्पेस नहीं दिया गया साथ ही सडक, नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम का कोई प्रबन्ध नही था एवं एसटीपी भी नही बनी थी। आयुक्त ने इसको गम्भीरता से लेते हुये नगर आयुक्त के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्लाटों की ब्रिकी पर तत्काल रोक लगाई जाए। टाउन सिटी के अन्दर बहुतायता संख्या में बहुमंजिला फ्लैट बनाकर बेचे जा रहे है जो नियम के विरूद्ध है। आयुक्त ने मौके पर सिटी मजिस्टेट को निर्देश दिये कि टाउनसिटी के अन्दर बहुमंजिला फ्लैट के मानचित्र किसके द्वारा स्वीकृत किये गये इसकी आख्या प्रस्तुत करें। साथ ही कोलोनाजर को नोटिस देने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि टाउनसिटी मानचित्र के अनुसार पार्क, सडक, सडक के दोनो ओर नालियां, एवं ड्रेनेज सिस्टम स्थलीय निरीक्षण पर नही पाया गया। जिसको गम्भीरता से लेते हुये तत्काल नोटिस के साथ ही ब्रिकी पर रोक लगाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि आम लोगों को जो सुविधायें दी जानी चाहिए। वह नहीँ दी गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार सिंह, तहसीलदार संजय कुमार सहित राजस्व निरीक्षक एवं प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित थे।






# भूमि क्रय करने के पश्चात भूमि की चाहरदीवारी अवश्य करें : मंडलायुक्त

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु मण्डलायुक्त दीपक रावत ने कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकारियों और फरियादियों को आमने-सामने सुनकर समस्याओं का निस्तारण किया।



जनसुनवाई कार्यक्रम में भूमि सम्बन्धित विवाद काफी संख्या में आने पर आयुक्त ने आमजनता से अपील की है कि भूमि क्रय करने के पश्चात भूमि की चाहरदीवारी अवश्य करालें तथा समय-समय पर क्रय की गई भूमि की रेखदेख भी अवश्य करें। उन्होंने कहा कि काफी लोग भूमि क्रय करने के उपरान्त भूमि की ना तो चाहरदीवारी करते हैं ना ही देखरेख करते है कुछ समय पश्चात उक्त क्रय की गई भूमि पर अतिक्रमण हो जाता है। उन्होंने कहा अतिक्रमण से बचने के लिए क्रय की गई भूमि पर चाहरदीवारी के साथ ही मानिटरिंग की जाए जिससे अतिक्रमण से बचा जा सके। ग्राम चौनपुरी, चिल्किया तहसील रामनगर के दर्जनों ग्रामवासियों ने आयुक्त को बताया कि नैनी स्टोन इण्ड्रस्टी के नाम से स्ट्रोन क्रेशर लगा है क्षेत्रवासियों ने बताया कि जिस स्थान पर स्टोन क्रेशर स्थापित है वहां पर किसानों द्वारा खेती के साथ ही बागवानी भी की जाती है। जिससे धूल के कारण खेती व बागवानी के साथ ही क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी रामनगर के साथ ही खनन अधिकारियों को निर्देश दिये कि खनन का स्टॉक का जिस स्थान पर भण्डारण किया गया है उस स्थान से तीन मीटर की चाहरदीवारी ऊंची हो तथा समय-समय पर मार्ग में पानी का छिडकाव किया जाए एवं खनन सामग्री एक स्थान से दूसरे स्थान को ढक कर ले जायी जाए। नगर निगम द्वारा मल्ला गोरखपुर-नवाबी रोड में सडक निर्माण का कार्य किया जा रहा है पिछले जनता मिलन कार्यक्रम में शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई थी कि सड़क की गुणवत्ता काफी खराब है जिस पर आयुक्त ने शिकायतकर्ता, नगर निगम के अधिकारी एवं ठेकेदार को बुलाया संवाद करने पर 250 मी0 सड़क की गुणवत्ता काफी खराब होने की पुष्टि हुई। जिस पर आयुक्त ने 250मी0 में पुनः सड़क बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जनमिलन में रमेश शर्मा निवासी मल्ला चोरगलिया ने बताया कि धोखे से उनकी भूमि को नरेश पुरी ने अपने नाम रजिस्ट्री कर दाखिल खारिज कर लिया गया। जिस पर आयुक्त ने राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, शिकायतकर्ता को राजस्व अभिलेखों के साथ आगामी जनमिलन कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

# मानसून काल के लिए आपदा राहत एवं बचाव से सम्बन्धित उपकरण दिये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने मानसून काल के दृष्टिगत जनपद की तहसीलों, अग्निशमन तथा 31वीं पीएसी वाहिनी रूद्रपुर को आपदा राहत एवं बचाव से सम्बन्धित उपकरण उपलब्ध कराए हैं। जिलाधिकारी ने उपकरण रखे वाहनों को शनिवार को जिला कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर सम्बन्धित तहसीलों के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बारिस के कारण कई नदियां उफान पर आ जाती हैं और आबादी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि जनपद में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने राहत-बचाव एवं खोजबीन कार्य को आसानी से किया जा सके इसके लिए सभी तहसीलों तथा अग्निशमन व 31वी वाहिनी पीएसी को उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की चुनौती का आसानी से सामना किया जा सके और आपदा के प्रभाव को कम से कम किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी के सामने विभिन्न उपकरणों को चलाकर देखा गया व जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि जनपद की सभी तहसीलों-जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा को चार-चार सर्च लाइट, लाइफ ब्वाय, लाइफ जैकेट, दो-दो स्ट्रेचर, मल्टीपर्पज रोप, फ्लोटिंग रोप फोर रिवर, स्पाइन बोर्ड स्ट्रेचर, वॉकी-टॉकी, एक-एक वूड कटर, पांच-पांच हैलमेंट विथ हैड टॉर्च वितरित किये गये। तहसील काशीपुर, खटीमा व गदरपुर को एक-एक इर्मेन्सी रेस्क्यू लाइट भी दी गई। उन्होंने बताया कि अग्निशमन



विभाग को चार सर्च लाइट, पांच लाइफ जैकेट, दो वूड कटर, चार बीए सेट, तीन पोर्टएबल फ्लोटिंग पम्प दिये गये। उन्होंने बताया कि 31वी वाहिनी पीएसी को चार सर्च लाइट, दस हैलमेट विथ टॉच, पांच स्पाइन बोर्ड स्ट्रेचर, 20 लाइफ जैकेट, पांच लाइफ ब्वाय दिये गये जबकि आपदा प्रबन्धन में कार्यालय में 13 सर्च लाइट, चार-चार स्ट्रेचर, मल्टीपर्पज रोप, फ्लोटिंग रोप फोर रिवर, एक इमर्जेन्सी लाइट, दस हैल्मेट विथ टॉर्च, दो स्पाइन बोर्ड स्ट्रेचर, तैंतीस लाइफ जैकेट, आठ लाईफ ब्वाय, पांच वूड कटर, एक-एक अस्का लाईट, पोर्टेबल फ्लोटिंग पम्प व बीए सेट तथा चा वॉकी-टॉकी दिये गये हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चंपावत में विशेष स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन

चम्पावत(उद संवाददाता)। टनकपुर के नगर पालिका मे शनिवार को पालिका क्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत उच्च न्यायालय राज्य सरकार शहरी विकास एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के क्रम में आज नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन शाह एवं सुंदर सिंह उप जिलाधिकारी पूर्णागिरि तहसील के नेतृत्व में एवं नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, भूपेंद्र प्रकाश जोशी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका की अध्यक्षता में नगर में जगह-जगह सफाई अभियान चलाकर जनता को स्वच्छ भारत मिशन के नियमों के प्रति जागरूक किया एवं सफाई अभियान के तत्पश्चात नगर पालिका टनकपुर में सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया नगर के मुख्य चौराहे से करती हुई, पुनः नगर पालिका टनकपुर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार पिंकी आर्य, सभासद कपिल, योगेश पांडे तुलसी कुंवर, सविता बिष्ट, रईस अहमद, हुक्मा अंसारी, हसीब अहमद पूजा टम्टा, नगर पालिका लक्ष्मण सिंह बोहरा, वरिष्ठ लिपिक बसंत राज चंद, विनोद बिष्ट, हेमंत टंडन, प्रिया बिष्ट, नीरज सिंह, प्रकाश नेगी, पूरन, अर्जुन, कमलेश, राम रतन, अनुराग द्विवेदी, तहसील प्रशासन प्रदीप जुकरिया, राजेंद्र कुमार, अशोक, सहित आदि लोग आदि लोग मौजूद थे। वहीं स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत नगर पालिका परिषद चम्पावत द्वारा स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को अध्यक्ष नगर पालिका चंपावत विजय वर्मा के नेतृत्व में प्रभात रैली निकाली गई। रैली में अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार वर्मा, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न स्कूल के विद्यार्थी, सभासद, स्वयंसहायता समूह की महिलाएं, सफाई कर्मचारियों आदि के साथ प्रभात फेरी का आयोजन नगर पालिका कार्यालय चंपावत से मुख्य बाजार होते हुए छतार पुल तक किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने, साफ सफाई एवं कूड़े को घर से अलग अलग करने हेतु लोगो को जागरूकता किए।








# पार्षदों और निगम कर्मियों ने मोदी मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाये जा रहे मेरा शहर मेरी पहचान कार्यक्रम के तहत नगर निगम के पार्षदों अधिकारियों कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों ने मोदी मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया और



स्वच्छता की शपथ ली। अभियान के तहत पार्षदों और नगर निगम कर्मियों ने श्रमदान कर मोदी मैदान में कूड़ा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पार्षद प्रमोद शर्मा ने कहा कि शहर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि स्वच्छता में हमारा शहर सबसे आगे हो। नगर निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपने स्तर से हरसंभव प्रयास कर रहा है ये प्रयास तभी सार्थक होंगे जब सभी अपनी जिम्मेवारी निभायेंगे। अभियान के दौरान सभी ने लोगों से कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही फैंकने गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करने। पालीथीन का प्रयोग बंद करने का आहवान किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि भुवन गुप्ता, डॉ राकेश, पार्षद सुनील बाल्मीकि, ए ई; गजेंद्र पाल, एसआई कुलदीप सिंह राणा, सुपरवाइजर सोनू मुल्तानी, सनी, मुकेश चौधरी, कालीचरण, मुकेश भगत, जसवीर सिंह, मुकेश राजोरिया, जितेंद्र, भगवान दास, रामपाल, अनोखे लाल, अरूण, संदीप, राजू, शनि, गोपाल दास, सुरेंद्र, प्रशान्त, वीरेन्द्र मुकेश, अजय, विकास, डब्लू आदि लोग मौजूद रहे।

# पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत नगरपालिका किच्छा द्वारा चलाए गए सफाई अभियान के तहत नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली के नेतृत्व मे पूरे नगर पालिका क्षेत्र में सफाई अभियान चला कर नगर के विभिन्न क्षेत्रों को साफ किया गया। प्रातः तमाम सफाई कर्मचारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली इंदिरा गांधी खेल मैदान पहुंचे और यहां से सफाई अभियान शुरू किया। इसके बाद पुरानी मंडी, चाचा नेहरू पार्क, गांधी पार्क, अंबेड कर पार्क, शहर के तमाम चौराहों पर सफाई की पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने मे नगर वासियों का योगदान जरूरी है क्योंकि सफाई कर्मचारी सफाई कर चला जाता उसके बाद नागरिकों की भी जिम्मेवारी बन जाती है कि कूड़ा निर्धारित स्थान में ही डालें ये फिर कूड़े दान का प्रयोग कर जब कूड़े का वाहन आता है उसमे कूड़ा डाले ऐसा करने से सड़क और आसपास गंदगी नाम मात्र की भी नही रहेंगी। वहीं अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह ने कहा कि नागरिकों के सहयोग के कारण किच्छा नगर पालिका प्रदेश में अपना विशेष स्थान हासिल की हुई है। उन्होंने कहा कि






सफाई व्यवस्था सिर्फ पालिका की जिम्मेवारी नहीं बल्कि यह सभी का व्यक्तिगत जिम्मेवारी हैं सभी सफाई के लिए जागरूक होंगे तो शहर पूरी तरह स्वच्छ रहेगा। सफाई अभियान मै तहसीलदार, तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर सभासद राजकुमार कोली, जगरूप गोल्डी, मोहम्द आरिफ, इंतजार, हसीब अहमद, पुस्कर रोतेला, एस आई विजेंद्र चौधरी, धीरेंद्र, श्याम बाबू, राजू, कैलाश, मसीह चरण, आदि लोग मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचायें : सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के एक मैरिज हॉल में भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में अनुसूचित मोर्चा,ओबीसी मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा सहित अन्य मोर्चो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल के महामंत्री अनिल जेटली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा एवं एस सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या के पहुचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे लगाकर व माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य वक्ता एससी मोर्चा अध्यक्ष समीर आर्य ने भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों को गिनाते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे कार्य एवं गरीब जनता के कल्याण को लेकर चलाई जा रही योजनाओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वही भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के





अथक प्रयासों से हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है उन्होंने इन 9 वर्षो में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए लगातार भाजपा सरकार कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा जिस प्रकार केंद्र सरकार लगातार देश को बेहतर बनाने में पूरी मेहनत से कार्य कर रही है वैसे ही प्रदेश के मुखिया मा0 पुष्कर सिंह धामी भी दिनरात प्रदेश को बेहतर और देश का सर्वोच्च प्रदेश बनाने में कार्य कर रहे है।उन्होंने कार्यकर्ताओ को जागरूक करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और रीति नीतियो को जन जन तक पहुचाने की बात कही। इस दौरान मंडल अध्यक्ष किलाखेड़ा महेंद्र कालड़ा,नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेशपुर सीमा सरकार,राजेश गुंबर मिन्नी,नरेश हुड़िया,मंडी समिति



अध्यक्ष सुभाष गुंबर,समन मुंजाल, मुनि भुसरी ,अशोक हुड़िया,हिमांशु सरकार, अनिल जेटली,सतीश चुग, अरविंद पाल, हरपाल हितकारी,राजेश हितकारी, बंटी डंग,त्रिलोक कांबोज, ज्योति अरोरा, चंद्रिका फौगाट, कंचन सिंह, कविता नेगी,पूनम ग्रोवर,कुलबीरी चौधरी, लक्ष्मी चौहान, अमन पासवान,हैप्पी चंद्रा, जसवीर सिंह, विक्रम सरकार, गोल्डी सूरी, रामअवतार,बलदेव सिंह, रविंदर कांबोज,सशिप्रीत सिंह,प्रवेश गिरी, दीपा चुफाल,किशोर राजभर,महेश प्रसाद,धर्मेंद्र लहरी,अशोक छाबड़ा, मंजीत सिंह बिट्टा आदि लोग मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# शरणार्थियों का बोझ

संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी मामलों से संबंधित उच्चायोग ने पिछले साल विस्थापन को मजबूर हुए लोगों का आंकड़ा जारी किया है।सूडान और यूक्रेन संकट के चलते ग्यारह करोड़ लोग विस्थापित हुए। एक करोड़ दस लाख से अधिक लोगों को यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण अपना घर-बार छोड़ना पड़ा। द्वितीय महायुद्ध के बाद से यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में लोगों को अपना मूल निवास छोड़ कर दूसरी जगहों पर ठिकाना तलाशने को मजबूर होना पड़ा।सूडान में संघर्ष के चलते अप्रैल के बाद से करीब बीस लाख लोग अपना घर-बार छोड़ चुके हैं। इसी तरह कांगो गणराज्य, इथोपिया और म्यांमा में संघर्ष के कारण करब दस-दस लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी उच्चायुक्त ने इसे मानवता के लिए कलंक माना है। इन देशों में अभी स्थितियां सुधरने या बदलने की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। सीरिया, लेबनान, लीबिया में संघर्ष और विस्थापन की त्रासदी लोग देख ही चुके हैं। दुनिया के बहुत सारे देशों में अपने पड़ोसी देशों के साथ या आंतरिक संघर्ष चल रहा है, जातीय संघर्ष, धार्मिक कट्टरता, आतंकवाद, गृहयुद्ध, गरीबी आदि वजहों से लोग अपना मूल निवास छोड़ कर कहीं दूसरी सुरक्षित जगहों पर शरण पाने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें से बहुत सारे लोग वर्षों से शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं, सुरक्षा कारणों से वे वापस अपने वतन जाना भी नहीं चाहते।किन्हीं विषम परिस्थितियों में लोगों को अपना बसा-बसाया घर-बार, रोजगार के साथन, जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरे किसी देश के शरणार्थी शिविर में रह कर संघर्ष करना पड़े, तो उनके जीवन की त्रासदी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दूसरे विश्वयुद्ध की त्रासदी को लोग अब भी नहीं भूले हैं, उसके नतीजे रूह कंपा देने वाले रहे।उसके बाद युद्ध, आंतरिक संघर्ष, जातीय-धार्मिक कट्टरता आदि के चलते मनुष्य के सामने पैदा होने वाले संकटों को टालने के मकसद से कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का गठन किया गया। शरणार्थियों को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय अभिरूप भी तभी बना, जिसके तहत दूसरे देश इस तरह की स्थितियों में पलायन कर आए लोगों को अपने यहां पनाह देंगे।मगर स्थिति यह है कि बहुत सारे देश अब शरणार्थियों का बोझ नहीं उठा पा रहे, इसलिए वे या तो अपने यहां से शरणार्थियों को निकालना चाहते हैं या नए शरणार्थियों को आने से रोकने का प्रयास करते हैं। भारत भी कई बार म्यांमा, पाकिस्तान, बांग्लादेश के शरणार्थियों का बोझ उठा पाने को लेकर अपनी पीड़ा जाहिर कर चुका है। द्वितीय महायुद्ध का सबक तो यह था कि युद्ध या किसी भी तरह का संघर्ष मानवता के लिए खतरा है और उसे किसी भी रूप में रोका जाना चाहिए। मगर इसके लिए बनी संस्थाएं भी इसमें नाकाम रही हैं। दुनिया में हर समय कहीं न कहीं युद्ध चल रहा है, जातीय संघर्ष, गृहयुद्ध की स्थिति बनी हुई है। धार्मिक विद्वेष की वजह से तनाव और पलायन की स्थितियां पैदा होती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि सत्ताएं अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के मकसद से भी कुछ संघर्षों को बढ़ावा देती रहती हैं। मगर सत्ताधीशों की सनक और वर्चस्ववादी रवैए के चलते जिन लोगों के घर उड़ जाते हैं, जिनके परिवार के लोग मारे जाते हैं, उन्हें अपना बसा-बसाया संसार छोड़ कर किसी अपरिचित जगह पर भटकने को मजबूर होना पड़ता है, उनकी पीड़ा को कौन समझेगा। अब अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का स्वरूप बदलने पर विचार जरूरी हो गया है।

# पूर्व सचिव बडोनी को आयोग की क्लीन चिट

देहरादून। स्नातक स्तरीय समेत कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव संतोष बडोनी को आयोग ने क्लीन चिट दे दी है। आयोग ने सचिवालय प्रशासन के पत्र का लिखित में जवाब दिया कि किसी भी भर्ती के पेपर लीक में बडोनी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। पुलिस, एसटीएफ और आयोग ने सभी भर्तियों की गहराई से जांच कराने के बाद ये जवाब भेजा है। दरअसल, पिछले साल आयोग की स्नातक स्तरीय, वन दरोगा, सचिवालय रक्षक सहित कई भर्तियों के पेपर लीक हुए थे।मामले में आयोग के सचिव संतोष बडोनी को 13 अगस्त को शासन में अटैच कर दिया था। इसके बाद दो सितंबर को लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया था। नौ माह से अधिक समय बीत गया, लेकिन शासन ये तय ही नहीं कर पाया कि निलंबन किस बात पर किया और आरोपपत्र किस आधार पर दें।सचिवालय प्रशासन ने आयोग को इसके लिए पत्र भेजा था। आयोग ने बडोनी को क्लीन चिट दे दी है। आयोग के सचिव एसएस रावत का कहना है कि सभी परीक्षाओं की जांच की गई है, लेकिन कहीं भी संतोष बडोनी की संलिप्तता नजर नहीं आई है। लिहाजा, उन्होंने सचिवालय प्रशासन को यही जवाब भेज दिया था।अब सचिवालय प्रशासन ने दोबारा पत्र भेजा है, जिस पर आयोग दोबारा क्लीन चिट का जवाब ही लिखकर भेजेगा। उधर, सचिव कार्मिक शैलेश बगोली का कहना है कि यह मामला सचिवालय प्रशासन से जुड़ा हुआ है। उन्हें ही चार्जशीट देनी है। सचिव सचिवालय प्रशासन विनोद कुमार सुमन का कहना है कि आयोग को पत्र भेजा गया है। जवाब आने पर उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्लीन चिट के बावजूद बडोनी निलंबित हैं।

# मोदी के मन के विचारों को परिवार सहित सुना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुनने के लिए आज प्रात: लोग टीवी के सम्मुख बैठे रहे। भाजपा नेता व समाज सेवी भारत भूषण चुघ ने अपने आवास में परिजनों के साथ श्री मोदी के सम्पूर्ण विचार सुने। श्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी के जल प्रबंधन को सराहते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाई गई योजनाओं को आज भी महाराष्ट्र के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने हापुड़ ब्लॉक में एक बंद हो चुकी नदी को जीवंत करने में ग्राम वासियों के सहयोग को भी सराहा। उन्होंने कहा एक बंद हो चुकी नदी की ग्रामीणों के प्रयास से दोबारा खुदाई करके उस नदी को दोबारा चालू कर दिया गया।उन्होंने खेल की बात करते हुए कहा कि पहले एशियाई ओलंपिक खेलों में कहीं पर भी महिला खिलाड़ियों का योगदान नहीं होता था लेकिन आज हर खेल में हमारी महिला खिलाड़ी अपना योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी 21 जून को योगा दिवस के रूप में मानने की अपील करते हुए कहा कि योगा एक वसुदेव कुटुंबकम है। 21 जून को पूरे विश्व में योगा दिवस मनाया जाएगा।



उन्होंने जगन्नाथ पुरी की ऐतिहासिक रथ यात्रा के विषय में बताया कि पूरे देश में रथयात्रा का महत्व है। सबसे बड़ा कार्यक्रम भगवान जगन्नाथ पुरी में मनाया जाता है। जिसमें हजारों लोग प्रतिभाग करते हैं और पूरे देश में जगह-जगह यह भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है। श्री मोदी ने कहा हर वर्ष 25 जून को इमरजेंसी लगाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन काला दिवस के रूप में जाना जाता है। जिसमें लाखों लोगों ने इस आपातकाल का विरोध किया था। जिसमें लोकतंत्र सेनानियों और देशभक्त लोगों को प्रताड़ित किया गया था। इस दौरान श्री चुघ के साथ मोदी की मन की बात सुनने वालों में उनकी माता उर्मिला चुघ, पत्नी कनिका चुघ, बहन सिल्की गाबा, जीविका, शिवाय सहित नव्या, नमन, नयन व काव्या आदि मौजूद थे।

# विधायक अरोरा ने दानपुर में सुनी 'मन की बात'

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 102 वे संस्करण को रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने ग्राम दानपुर क्षेत्र के बूथ संख्या 150, सामिया लेक सिटी में एस के साहू के निवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ सुना। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम उनके प्रधानमंत्री के रूप में 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रसारित हुआ , जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 2014 से पहले जहां देश मे निराशा का वातावरण था तो वही वर्तमान समय मे देश सकारात्मक विचार के साथ विकास के राह पर आगे बढ़ा है, उन्होंने कहा इन 9 वर्ष की यात्रा में देश ने हर क्षेत्र में विश्व पटल पर स्वयं को स्थापित करने का कार्य किया है। वही विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज 102 वें मन की बात कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकताओ के साथ सुना निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने से हम सभी को सामाजिक जीवन मे आगे बढ़ने सेवा समर्पण के भाव का संचार होता है , उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महासम्पर्क अभियान के रूप में भाजपा पूरे देश मे मना रही है। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देश की जनता ने सराहा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से एक जनता का आशीर्वाद भारतीय



सफलतम 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा सेवा सुशासन ओर गरीब कल्याण के संकल्प को व्यक्त करते हुए अपने 9 साल की उपलब्धि को घर घर तक ले जाने हेतु लगातार अनेको कार्यक्रम कर रही है। यह माह जनता पार्टी को मिलने जा रहा है । इस दौरान डॉ कुंदन राठौर, अखिलेश खरे, सत्यजीत सिंह, पंकज राय, राजेश सिंह, कैलाश चंद, मनमोहन, बी एन रावत, जितेन्द्र भूषण, दिनेश चंद, ममता पांडे, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नन्दन हत्याकांड के आरोपी पिता पुत्र को भेजा जेल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। काफलिगैर तहसील के कभड़ा गांव में पीटीसी कर्मी नन्दन सिंह मेहता की मौत का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, मामले में एक ही परिवार के पिता पुत्र हत्या आरोपी बने है।कभड़ा गांव में हुए हत्याकांड से ग्रामीण भी सहमे हुए हैं, निर्मम हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश,शव को घसीटकर ले जाना,हत्या के बाद मृतक के पेंट को दूसरी ओर गदेरे के पास झाड़ियों में फैंक देने से स्पष्ट तौर पर नन्दन की हत्या की पुष्टि हो गई थी,वही सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा एसओजी की टीम के साथ मौके पर पहुँचे, जिसके बाद उन्होंने गहनता से मामले के पहलुओं की जानकारी जुटाई, सीओ राणा ने घटनास्थल की बारीकी कर संदिग्धों को चयनित कर लिया।और मामले के संदिग्ध आरोपी से जरूरी जानकारी भी जुटानी शुरू



कर दी।मामले में झिरौली पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज होने के दस घंटे के भीतर हत्यारोपी पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को दाणोंछीना मंदिर के पास से पकड़ा है। इसके बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई होगी। मालूम हो कि तीन दिन पूर्व पीटीसी कर्मचारी नंदन सिंह का शव गांव के गधेरे में खून से सना मिला। मामले में मृतक के बेटे ने गांव के ही पिता व पुत्र के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कराने के महज दस घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी शेर सिंह पुत्र बीर सिंह उम्र-62 व उसके पुत्र बलवंत सिंह उम्र 27 वर्ष निवासीगण ग्राम कभड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग की व्यवस्था लागू होगी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए यूजेवीएनएल को न्यायालय में लम्बित वादों के निस्तारण हेतु डेडिकेटेड फॉलोअप के साथ मिशन मोड पर कार्य करने और यूपीसीएल को विद्युत चोरी रोकने के लिए विजिलेंस टीमों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिटकुल को सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि के कार्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिकारी सभी हाइडल प्रोजेक्टस को पूरा करने के लिए ऑनरशिप लें तथा प्रोजेक्टस को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने उरेडा को कमर्शियल बिल्डिंग्स तथा हाउसिंग सोसाइटीज में रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट्स को प्रोत्साहित करने और लखवाड़ जल विद्युत परियोजना की प्रगति का विशेष संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को समयबद्धता से कार्य करने हेतु अपनी स्थिती स्पष्ट करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यूजेवीएनएल को वर्ष 2024 तक सुरिन गाड़, मद्महेश्वर तथा 17 मेगावाट की सोलर प्रोजेक्टस के अपने तय लक्ष्य को पूरा करने तथा वर्ष 2027 तक गुप्तकाशी तथा 93 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्टस पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2030 तक लखवाड़, सिकारी भ्योल, त्यूनी-प्लासू, पैनागाड़, जिम्बागाड, सेला उंथिंग, आराकोट- त्यूनी प्रोजेक्टस को पूरा करने के अपने लक्ष्य पर मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी जल्द ही राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग की व्यवस्था का भी शुभारम्भ करेंगे। यूपीसीएल द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य में 2025 तक लगभग 16 लाख उपभोक्ताओं पर स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग व्यवस्था लागू हो जाएगी। बैठक में सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, अपर सचिव श्री वी. षणमुगम, श्रीमती रंजना राजगुरू, श्री विनय शंकर पाण्डेय, यूजेवीएनएल, पिटकुल तथा यूपीसीएल के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर किया मंथन

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी 21 जून को जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। योग दिवस मनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि शासन के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में मुख्य योग कार्यक्रमों का आयोजन मानसखंड मंदिर माला के अंतर्गत आने वाले जनपद के मोस्टमानू में स्थित मोस्टमानू मंदिर परिसर एवं गंगोलीहाट में स्थित हाट कालिका मंदिर परिसर के श्री महाकाली इंटर कॉलेज प्रांगण में किया जायेगा। योग कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 6:30 बजे से किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. ज्योत्सना सनवाल को निर्देश दिये कि मोस्टमानू मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाय। स्कूली बच्चों, एनसीसी, होमगार्ड एवं आमजन को भी योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया जाय। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को योग कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने योग कार्यक्रम स्थल मोस्टमानू मंदिर परिसर में पतंजलि योग समिति पिथौरागढ़ को योग सत्र संचालन व मंच संचालन, जल संस्थान के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था, पीडी डीआरडीए को टेण्ट व साउण्ड सिस्टम, ईई विद्युत को विद्युत व्यवस्था, एएमए जिला पंचायत को अस्थायी शौचालय व्यवस्था, सीएमओ डा. एचएस हयांकी को प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, पुलिस विभाग को ट्रैफिक व्यवस्था, एआरटीओ व मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया को बसों की व्यवस्था, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को एलईडी इंटरनेट एंड लाइव स्ट्रीमिंग व्यवस्थाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गंगोलीहाट को गंगोलीहाट स्थित हाट कालिका मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीबी पुन, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा, एडीपीआरओ गंगा वल्दिया आदि उपस्थित थे।



# ई चौपाल में डीएम ने सुनी ग्राम कुवंरपुर की समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने शनिवार को ई-चौपाल के माध्यम से सितारगंज के ग्राम कुवंरपुर की समस्याएं सुनी। ई-चौपाल मे कुल 27 समस्याएं दर्ज हुई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। सर्वाधिक समस्याएं, विद्युत, सामाजिक पेंशन, आवास तथा राशन कार्ड से सम्बन्धित थीं। प्रमुख समस्याओं में रामलाल, मन्जू, चन्नावती, नन्नी देवी, महेन्द्र पाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को पात्रता सूची चौक करने तथा सूची में नाम न होने की स्थिति आगामी सर्वे में पात्रता के आधार पर नाम शामिल करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। सारिक खान ने बौना पेंशन हेतु बौना प्रमाणपत्र की, मौ.आदिल ने कुपोषित बेटे की पेंशन के लिए प्रमाण पत्र की, प्रेमवती ने पति के वाहन दुर्घटना में पैर टूटने के कारण दिव्यांग प्रमाण पत्र व पेंशन की मांग, शबनूर ने एक आंख खराब होने के कारण दिव्यांग प्रमाण पत्र, बलजिन्दर सिंह ने बाये हाथ की दो अंगुलिया कटी होने के कारण दिव्यांगता प्रमाण पत्र, कुलदीप सिंह ने पूर्णत: दिव्यांग होने के कारण दिव्यांग प्रमाण पत्र की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने कैम्प लगाकर नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने राशन कार्ड से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु ग्राम सभा की खुली बैठक में पात्रता के आधार पर पात्रों का चयन करने तथा अपात्रों का नाम हटाने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को तथा पात्रों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये। प्रेमवती ने गांव में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अवैध शराब का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये।ई-चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अधीक्षण अभियंता यूपीसीएल एससी त्रिपाठी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार आदि शामिल थे।




# बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में घायल महिला की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर रोड स्थित राज पुरम कॉलोनी निवासी काजल पुत्री आनंद सैनी ने बताया कि बीते 10 जून की रात्रि लगभग 8:15 जब उसकी मां पुष्पा देवी चाचा जबर सिंह के साथ साइकिल पर सवार होकर घर की ओर जा रही थी इसी दौरान मोहल्ला अल्ली खां निवासी सोनू नामक युवक ने मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 क्यू/1593 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए साइकिल में जबरदस्त टक्कर मारकर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में महिला के सिर में गंभीर चोटें आई। हादसे के तत्काल बाद उपचार के लिए महिला को स्थानीय एक अस्पताल में ले जाया गया यहां जब चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए घायल महिला को परिजनों द्वारा मुरादाबाद ले जाया गया लेकिन वहां भी महिला की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उपचार से मना कर दिया। इसी बीच महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के पुत्री की तहरीर के आधार पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# एडीजे के नेतृत्व में शहर में चलाया बृहद सफाई अभियान

काशीपुर (उद संवाददाता)। हाई कोर्ट के निर्देश पर रविवार को शहर भर में विभिन्न संगठनों द्वारा वृहद तरीके से सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ न्यायालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुरू किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। एडीजे रितेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के दौरान मौजूद तमाम लोगों को स्वच्छता के प्रति वचनबद्ध रहने व अपने शहर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। स्वच्छता के अभियान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। इसके बाद न्यायालय परिसर, बार चेंबर, परिवार न्यायालय, द्रोणा सागर, गिरीताल परिसर ,एलडी भट्ट चिकित्सालय, स्टेडियम चौराहा, पंत पार्क, तहसील, जेल रोड आदि पर अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव ,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिथिलेश पांडे, सिविल जज करिश्मा डंगवाल, तृतीय अपर सिविल जज हर्षिता शर्मा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया ।सफाई अभियान में पुलिस विभाग, लॉ कॉलेज ,लायंस क्लब ,अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा, शिवालिक स्कूल, तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों व प्रशासनिक अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। सफाई अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों ,कोर्ट कर्मचारियों ,नगर निगम के कर्मचारियों , व अन्य कर्मचारियों द्वारा विशेष भूमिका निभाई गई। उसके बाद मुख्य चौराहे पर अभियान का समापन हुआ। इस मौके पर जनजीवन उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त विवेक राय , तहसीलदार युसूफ अली, आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी, बार काउंसिल सदस्य हरीश नेगी ,आनंद रस्तोगी, संदीप सहगल एलडी भट्ट चिकित्सालय के अधीक्षक एवं कर्मचारी, आरसी त्रिपाठी, संजय चतुर्वेदी, पीएलबी गीता चंद्रा ,प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।




## पेज एक का शेष...

**प्रभारी सचिव ने ...**दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। प्रमुख समस्याओं में सामाजिक पेंशन, पीएम आवास, राशन कार्ड, भूमि विवाद, पानी की निकासी आदि से सम्बन्धित थी। डॉ.सिंहा ने गांव में पेयजल एवं लगे हुए हैण्डपम्पों की स्थिति के बारे में सही से जानकारी न उपलब्ध कराने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जेई तथा एई का कार्य हैण्डपम्प या योजनाएं बनाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि समय-समय पर उन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करना और योजना के बारे में ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों से जानकारी प्राप्त करना भी है ताकि योजना की अद्यतन जानकारी रहे। डॉ.सिंहा ने गांववासियों के साथ सामाजिक पेंशन यथा-विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग आदि पेंशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि दो माह के भीतर सभी पात्रों कों पेंशन मिल जाए और वृद्धावस्था तथा दिव्यांग पेंशन हेतु निर्वाचन आयोग से भी डाटा प्राप्त किया जाये ताकि आयु सीमा प्राप्त कर रहे व्यक्तियों की सूची समाज कल्याण विभाग के पास पहसे से ही मौजूद रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि यदि किसी व्यक्ति की पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रही है तो अस्वीकृति का भी सम्पूर्ण डाटा तैयार हो। केके मलकानी तथा उमेंश जोशी ने भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण रखा जिस पर डॉ.सिंहा ने दो दिन के भीतर प्रकरण का सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। बालक समीर तथा विशाल ने बालकों के लिए रामनगर स्कूल में बालिकाओं के साथ कक्षा 8 तक के स्थान पर कक्षा 10 तक पढ़ाई की मांग की ताकि हाईस्कूल तक की शिक्षा ग्रहण करने हेतु अधिक दूरी तय न करनी पड़े, जिस पर डॉ.सिंहा ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अताउल्ला ने कुछ व्यक्तियों द्वारा नाली बन्द करने की शिकायत की जिस पर डॉ.सिंहा ने तत्काल नाली खुलवाने तथा नाली खोलने में बांधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ तुरन्त मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश राजस्व तथा पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को दिये। नरफत तथा विजय ने लैण्ड फ्रोड की शिकायत की जिस पर डॉ.सिंहा ने लेखपाल को प्राथमिकता से प्रकरण की जांच करते हुए लैण्ड फ्रोड करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिये। ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा ने रात्रि चौपाल लगाने पर शासन तथा प्रशासन का धन्यवाद दिया। चौपाल में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, तरूण शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त सहित अन्य अधिकारी व क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

**२३ दिन बाद....**विवाद के बीच समुदाय विशेष की दुकानें भी बंद रही थी। 22 दिन तक समुदाय विशेष की दुकानें नहीं खुल पाई। पुरोला में हालात सामान्य होने के बाद शनिवार को समुदाय विशेष के व्यापारियों की आठ दुकानें खुल गई हैं। हालांकि इस दौरान एहतिहातन के तौर पर बाजार में पुलिस के जवान भी तैनात रहे।समुदाय विशेष की गारमेंटस सहित सैलून और घड़ी साज की दुकानें हैं। व्यापारी अशरफ, रईस और मो. सलीम ने कहा कि अब उन्हें उम्मीद है कि पुरोला में अमन, शांति और सौहार्द का वातावरण पहले की तरह बना रहेगा। बीते कुछ दिनों पहले उत्तरकाशी जिले के पुरोला में बिगड़ते माहौल के चलते वहां से दून आए मुस्लिम व्यापारी शनिवार को वापस पुरोला लौट गए।

**पेड़ से भिड़ा...** पैसा लेने गया। इसी दौरान अचानक डंपर खुद ब खुद आगे बढ़ने लगा। चालक की निगाह जब डंपर पर पड़ी तो उसने दौड़ कर डंपर को रोकने के लिए विंडो खोला लेकिन इसी बीच डंपर एक पेड़ से टकरा गया और चपेट में आकर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकार बताते हैं कि डंपर खड़ा करते हुए चालक हैंड ब्रेक लगाना भूल गया था। मृतक की दो बेटियां हैं संध्या 5 वर्ष तथा एकता 2 वर्ष। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से रविवार को अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

**अज्ञात वाहन की ...**लालकुआं से घर की ओर जा रहे थे। तीन पानी के पास अज्ञात वाहन ने टेम्पो को टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो पलट गया। उसमे सवार चालक समेत सभी को चोटें आ गई। चिकित्सालय में उपचार के दौरान शबाना की मौत हो गई, जबकि उसके पति शेर अली की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# कातिलाना हमले का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। मारपीट के दौरान कातिलाना हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद उसे कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम मुकुंदपुर थाना आईटीआई निवासी रमेश पुत्र गुरनाम सिंह की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। वह धारा 307 504 506 आईपीसी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में पुलिस टीम में वांछित अभियुक्त को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी है इसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# किशोरी को भगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला किला निवासी एक महिला ने बताया कि बीते 14 जून को मोहल्ला अल्ली खां निवासी दीपू पुत्र किशनलाल नामक युवक उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पितृ दिवस विशेष

कौन होते है पिता
प्रेम और समर्पण की
प्रतिमूर्ति होते है पिता।
घर की बुनियाद होता है पिता,
स्वभाव में कठोरता परन्तु
हृदय से विशाल होता है पिता।
खुद को झोंक कर जीवन की चक्की में,
2 जून की रोटी का जुगाड़ होता है पिता।
कभी वट वृक्ष की ठंडी छाँव सा,
कभी नारियल के सख्त खोल सा,
पिता से जीवन का अस्तित्व
पिता से ही मेरा है व्यक्तित्व।
कभी तो चलना सिखाये पिता,
कभी तो जीना सिखाये पिता
खुद थक जाने पर भी हमको
अपने कांधे बिठाये पिता
वो कहते नहीं किसी से कुछ भी
अपने आँसुओ को सबसे छिपाये पिता
माँ का सम्पूर्ण जीवन और हमारे जीवन
का अर्थ है पिता,
पिता से जीवन में है प्यार का सागर,
कभी डांट का भंडार है पिता।
जिम्मेदारियों का मजबूत स्तम्भ है पिता,
घर रूपी नौका का पतवार होते है पिता,
कभी मस्ती का पिटारा
तो कभी अनुशासन का पाठ है पिता।
माँ से तो कर लेते है हर बात हम,
पर जो बिना बात किये हमको समझे,
वो होता है पिता।
मेरे पिता जिन्होंने दिखाया कुछ कर
दिखाने का ख्वाब
ऊँची उड़ान पाकर
आसमान में एक नई मुकाम पा जाऊँ,
आप पिता नहीं दोस्त हो मेरे,
मेरे चेहरे की मुस्कान है पिता
मेरे जीवन का सम्मान है पिता
मेरे जीवन की पहचान है पिता...
चाहे कुछ ना हो
मेरे पास
पर जमाने भर की
दौलत का नाम
होते है पिता।

**-निकेता पाहुजा**



# वार्डों में चलाया स्वच्छता अभियान

गुलरभोज (उद संवाददाता)। नगर पचांयत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर पंचायत, गूलरभोज द्वारा निकाय के सभी 7 वार्डों में सम्बन्धित वार्ड सभासद की अध्यक्षता में वार्ड की महिला स्वयं सहायता समूह, निकाय अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों, नगर पंचायत के कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से श्रमदान/ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। सभी ने अपने शहर/मोहल्ले को गन्दगी मुक्त रखने हेतु अभियान में प्रतिभाग किया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000